Newspaper: Dainik Bhaskar
Edition: Delhi | Page no: 7 | Date: 6th July 2017

बलरामपुर कलेक्टर अवनीश ने सरकारी स्कूल में कराया बिटिया का एडमिशन

एक साल तक आंगनबाड़ी भी भेजा

बलरामपुर | एक तरफ देश में आईएएस-आईपीएस अफसर अपने बच्चों के लिए महंगे निजी स्कूल तलाशते हैं, वहीं बलरामपुर कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने अपनी बेटी का एडमिशन सरकारी स्कूल में कराया है। उन्होंने लोगों को सरकारी स्कूलों की शिक्षा से जोड़ने पहल करते हुए जिला मुख्यालय में हाल ही में शुरू हुए प्रज्ञा प्राइमरी स्कूल में अपनी बेटी वेदिका शरण का पहली कक्षा में एडमिशन कराया। इससे पहले कलेक्टर ने अपनी बेटी को एक साल तक आंगनबाड़ी में पढ़ने के लिए भेजा था। कलेक्टर की मंशा सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए लोगों को प्रेरित करने की है।

ये मीडिया के लिए खबर हो सकती है पर मेरे लिए नहीं। मैंने आज ही अपनी बिटिया का सरकारी स्कूल में एडमिशन कराया है वो स्कूल जाने लगी है।"

-अवनीश शरण, कलेक्टर बलरामपुर

बच्ची का दाखिला कराते कलेक्टर।